नवम्बर, 2024 से अगस्त, 2025 का सम्पूर्ण करंट अफेयर

AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान
# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी
# करंट अफेयर्स विशेषांक
## राजस्थान एवं भारत

राजस्थान की अन्य परीक्षाओं के लिए भी समान रूप से उपयोगी

**QUICK REVISION BOOK**

**400+** महत्वपूर्ण प्रश्नों का संग्रह







**विशेष आकर्षण:**
- भारत वन रिपोर्ट, 2023 ( राजस्थान विशेष)
- आर्थिक समीक्षा, 2024 - 25
- राजस्थान बजट, 2025-26
- फ्लैगशिप एवं अन्य महत्त्वपूर्ण योजनाएँ
- नवीन नीतियाँ, 2025
- खेलो इंडिया गेम्स, 2025
- साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2024
- पद्म पुरस्कार, 2025
- पेरिस ओलंपिक, 2024
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2025



नवम्बर, 2024 से अगस्त, 2025 तक के करंट अफेयर्स का विस्तृत विवरण
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

नीरज सर ▸

लक्ष्य क्लासेज़ उदयपुर


# अक्षांश पब्लिकेशन
M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

AKSHANSH PUBLICATION

# राजस्थान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

# करंट अफेयर्स विशेषांक

## राजस्थान एवं भारत

**राजस्थान के अन्य परीक्षाओ के लिए भी समान रूप से उपयोगी**

**QUICK REVISION BOOK**

**400+** महत्वपूर्ण प्रश्नों का संग्रह

नवम्बर, 2024 से अगस्त, 2025 तक के करंट अफेयर्स का विस्तृत विवरण **लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर** के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

संपादक
**नीरज सर**

सह संपादक
**राजवर्धन बेगड़, गंगा सिंह**

**MRP : ₹ 120**

प्रकाशन
**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**

**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

## अक्षांश प्रकाशन

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM INSTAGRAM YOUTUBE FACEBOOK WHATSAPP

बुक कोड - AP0026

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

**अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।**

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | नवम्बर, 2024 करेंट अफेयर्स | 1 - 7 |
| 2. | दिसम्बर, 2024 करेंट अफेयर्स | 8 - 13 |
| 3. | जनवरी, 2025 करेंट अफेयर्स | 14 - 24 |
| 4. | फरवरी, 2025 करेंट अफेयर्स | 25 - 41 |
| 5. | मार्च, 2025 करेंट अफेयर्स | 42 - 49 |
| 6. | अप्रैल, 2025 करेंट अफेयर्स | 50 - 55 |
| 7. | मई, 2025 करेंट अफेयर्स | 56 - 62 |
| 8. | जून, 2025 करेंट अफेयर्स | 63 - 71 |
| 9. | जुलाई, 2025 करेंट अफेयर्स | 72 - 79 |
| 10. | विविध | 80 - 96 |
| 11. | अभ्यास प्रश्न | 97 - 117 |

# राजस्थान करंट अफेयर्स

## कार्यक्रम / आयोजन

### सिन्धु दर्शन यात्रा

- राज्य सरकार ने सिन्धी समाज की सबसे बड़ी और पवित्र मानी जाने वाली लेह-लद्दाख सिन्धु दर्शन यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को **₹15 हजार प्रति व्यक्ति** आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।
- सिन्धी समाज के तीर्थयात्री प्रत्येक वर्ष 23-26 जून को लेह-लद्दाख में सिन्धु दर्शन यात्रा पर जाते हैं।

### नई किरण कार्यक्रम

- आयोजक – उच्च शिक्षा विभाग द्वारा।
- उद्देश्य – नशा मुक्ति का प्रशिक्षण प्रदान करना।
- प्रदेश के 33 सरकारी एवं निजी कॉलेजों के 1650 छात्रों को नशा मुक्ति का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### डिजीटल राजस्थान यात्रा 2024

- उद्घाटनकर्ता - सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़
- तारीख - 12 नवम्बर, 2024
- स्थान - जयपुर से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

**अभियान का उद्देश्य -**

- राज्य में डिजीटल साक्षरता को बढ़ावा देना।
- तकनीकी विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करना।
- इंटरनेट की पहुँच को आम नागरिकों और व्यवसायों तक ले जाना।

### जयपुर स्थापना दिवस




- तिथि - 18 नवंबर
- 297 वाँ स्थापना दिवस
- स्थापना - 18 नवंबर, 1727 सवाई जयसिंह द्वारा
- वास्तुकार - विद्याधर भट्टाचार्य

### मोमासर उत्सव




- संस्करण - 12वाँ
- आयोजन - 3-5 नवंबर, 2024
- आयोजन स्थल - मोमासर, बीकानेर
- आयोजक - जाजम फाउंडेशन (जयपुर स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन)
- इस महोत्सव की **शुरुआत वर्ष 2011** में हुई।

### पुष्कर मेला

**अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला 2024 –**



- आयोजन - 9 से 15 नवंबर, 2024 (कार्तिक पूर्णिमा)
- आयोजक - पर्यटन विभाग और पशुपालन विभाग,राजस्थान सरकार
- आयोजन स्थल - पुष्कर – शहर,अजमेर
- विशेष आकर्षण - शान-ए-मूंछ' (मूंछों की शान) प्रतियोगिता

### मत्स्य उत्सव - 2024

- आयोजन - 25 से 27 नवंबर, 2024
- आयोजक – पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन, अलवर
- मत्स्य उत्सव अलवर शहर की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- उद्देश्य - अलवर क्षेत्र में सांस्कृतिक, विरासत और वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा देना है।

### बूंदी महोत्सव - 2024

- हाड़ौती के सतरंगी पर्यटन पर्व बूंदी महोत्सव-2024
- आयोजन - 18-20 नवम्बर, 2024
- आयोजन स्थल - गढ़ पैलेस बूंदी
- मांडन कला, हैरिटेज वॉक, वाईल्ड लाइफ ट्रेकिंग, घोड़ा दौड़, परम्परागत वेशभूषा, वाईल्ड लाइफ पेन्टिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया

### चंद्रभागा मेला

- आयोजन - 14–16 नवंबर, 2024
- आयोजन स्थल - झालावाड़
- समय - मेला प्रतिवर्ष कार्तिक माह (अक्टूबर-नवंबर) में लगता है, विशेष रूप से कार्तिक पूर्णिमा के दिन।
- अयोजन - पशुपालन विभाग और पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार

### मरू उड़ान प्रोग्राम

- शुरुआत - 12 नवंबर 2024 (3 महीने तक)
- महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और आत्मरक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा।
- इस दौरान स्वास्थ्य शिविर, कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- संवाद कार्यक्रम 'नींव' - 9 वीं से 12 वर्ष तक की बालिकाओं के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक शक्ति के विकास के लिए

## अभियान

### ऑपरेशन गरिमा

- महिलाओं की सुरक्षा के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा।
- महिला हेल्पलाइन नम्बर- 1090

### रास्ता खोलो अभियान

- शुभारंभ - 16 नवंबर 2024, जयपुर
- गांव और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला प्रशासन जयपुर ने अभियान चलाया।
- इस अभियान के अंतर्गत समझाइए के द्वारा अतिक्रमण हटाकर पुराने रास्तों को खोला गया।

### 'अभी नहीं' अभियान

- SALSA (राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) के तत्वाधान में जयपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा।
- उद्देश्य - बाल विवाह पर रोक लगाना।
- थीम - 'पहले सपने साकार हो, फिर शादी पर विचार हो'।

### ऑपरेशन लाडली

- आयोजन – 11 से 16 नवंबर
- आयोजक – राजस्थान पुलिस
- उद्देश्य – अबूझ सावे पर बाल विवाह को रोकना।
- इस दौरान पुलिस ग्राम स्तर पर लोगों से समझाइश की और बाल विवाह की सूचना पर तुरंत कार्यवाही की गई।

### स्वस्थ नारी चेतना अभियान

- आयोजक – चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग।
- उद्देश्य – कैंसर के प्रति जागरूकता, स्क्रीनिंग एवं उपचार करना।
- शुरुआत - 7 नवंबर (कैंसर जागरूकता दिवस)

### प्रोजेक्ट कायाकल्प

- आयोजक – शिक्षा आयुक्तालय।
- महाविद्यालयों की इमारत को नारंगी रंग से रंगने का कार्य किया जाएगा।

### सक्षम जयपुर अभियान

- शुभारंभ – 25 नवंबर 2024
- स्थान –बस्सी पंचायत समिति, जयपुर
- जिन दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बन गया है, उन दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया।

### कवच 4.0

- आयोजक – जयपुर जिला प्रशासन।
- ओवरलोड वाले वाहन चालकों के विरुद्ध।

### नीड हेल्प

- संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए **राजकॉप सिटीजन एप** में महिला सुरक्षा के लिए 'मदद चाहिए' (Need Help) फीचर दिया गया है।
- इस फीचर के जरिए पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की योजना शुरू की जा रही है।

### पंचायत पौधशाला

- आयोजक – हनुमानगढ़ जिला प्रशासन।
- उद्देश्य - ग्राम पंचायतों को पौधारोपण हेतु आत्मनिर्भर बनाना।

### कल्चरल डायरीज

- आयोजक – पर्यटन विभाग। (मंत्री – दिया कुमारी)
- उद्देश्य – लोक कलाकारों को मंच प्रदान करना
- इसमें महीने में दो बार साँस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा।
- स्थान - अल्बर्ट हॉल (प्रथम संस्करण 15-16 नवंबर)

### डिजीटल राजस्थान यात्रा

- आयोजक – सूचना प्रौद्योगिकी विभाग + Inc 42 (स्टार्टअप मीडिया के इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म)
- संस्करण – चतुर्थ
- उद्देश्य – आमजन एवं व्यवसायों हेतु इंटरनेट के महत्व को समझाना।

### ऑपरेशन गोडावण

- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा पेपर लीक पर रोक हेतु टेबलेट पर परीक्षा आयोजन का ट्रायल।

## मुद्दे / घटनाए


### राजस्थान विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव

- घोषणा – 16 अक्टूबर, 2024
- अधिसूचना – 18 अक्टूबर, 2024
- उपचुनाव – 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए
- मतदान – 13 नवम्बर, 2024 निर्देशक
- मतगणना – 23 नवम्बर, 2024

**7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव -**

| क्षेत्र | विजेता प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| **झुंझनूं** | राजेन्द्र माम्बू | BJP |
| **रामगढ़** | सुखवंत सिंह | BJP |
| **देवली-उनियारा** | राजेन्द्र गुर्जर | BJP |
| **खींवसर** | रेवंतराम डाँगा | BJP |
| **सल्लूम्बर** | शांता अमृतलाल मीणा | BJP |
| **दौसा** | दीनदयाल बैरवा | INC |
| **चौरासी** | अनिल कुमार कटारा | BAP |

**उपचुनाव के बाद राजस्थान विधानसभा -**




**16वी विधानसभा में महिला विधायक -**

- उपचुनाव के बाद 16वी विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या – 21
- भाजपा – 10
- कांग्रेस – 09
- निर्दलीय - 02
- नोट – सलूम्बर – शांता देवी मीना (उपचुनाव में एक महिला विधायक जीती)

**16वी विधानसभा में महिला मंत्री**



- **श्रीमती दिया कुमारी**
- विधानसभा क्षेत्र – विद्याधर नगर (जयपुर)
- मंत्री – वित्त विभाग, पर्यटन विभाग, कला साहित्य संस्कृति और पुरातत्व विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता विभाग



- **डॉ. मंजू बाघमार**
- विधानसभा क्षेत्र – जायल
- राज्य मंत्री – सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता विभाग

## चर्चित स्थल

### जैसलमेर

**देश का पहला ऊँट बचाव और अनुसंधान केन्द्र -**

- स्थान – जैसलमेर
- राज्य सरकार एवं वेदांता समूह की सहायक कंपनी द्वारा।
- ऊँटों में मुख्य – रोग सर्रा
- केन्द्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र – जोहड़बीड़ (बीकानेर)

### वरुण सागर

- अजमेर स्थित 'फॉयसागर' का नाम बदल कर आगामी समय में 'वरूण सागर' किया गया।
- घोषणा – विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा 23 नवम्बर, 2024 को की गई।

**नाम परिवर्तन**

| क्रमांक | पहले नाम | जिला | नया नाम |
|---|---|---|---|
| **1.** | फॉयसागर | अजमेर | वरुण सागर |
| **2.** | होटल खादिम | अजमेर | होटल अजमैरू |
| **3.** | किंग एडवर्ड मेमोरियल | जयपुर | महर्षि दयानन्द मेमोरियल |
| **4.** | चांदपोल सर्किल | जयपुर | महर्षि वाल्मीकि सर्किल जयपुर नगर निगम द्वारा |
| **5.** | जनाना अस्पताल | जयपुर | यशोदा अस्पताल हेरिटेज द्वारा |

### सलूम्बर - घाटोल गोल्ड फील्ड (SGF)

- घाटोल - बाँसवाडा
- 1000 टन स्वर्ण भण्डार की खोज।
- खोज - कर्नाटक के भू- वैज्ञानिक डॉ. वी. एन. वासुदेव के अनुसार यहाँ 25 टन वार्षिक सोना निकलने का अनुमान है।
- कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश एवं झारखण्ड के बाद **राजस्थान सोने का खनन करने वाला चोथा** राज्य बन जाएगा।

## चर्चित व्यक्ति

### खिल्लीराम मीना

- भरतपुर निवासी।
- मिजोरम के मुख्य सचिव नियुक्त।

## पुरस्कार / सम्मान

### डॉ. शंकर शर्मा

- उदयपुर के चित्रकार।
- पिछवाई शैली के चित्र 'देवी नंदिनी' हेतु।
- राष्ट्रीय कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा पुरस्कृत करते हुए एक लाख रूपए एवं प्रशस्ति-पत्र।

### प्रियदर्शिनी मिश्रा (जयपुर)

- संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' प्रदान किया गया।
- युवा रंगकर्मी है। इनका प्रसिद्ध नाटक है- 'उसका प्रेमी'।

### अवनी लेखरा

- 'हार्पर्स स्पॉट्स वूमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड-2024' से सम्मानित।
- मुम्बई में आयोजित इस कार्यक्रम में गीतांजली श्री और पायल कपाड़िया को भी सम्मानित किया गया।

## विविध

### रोबोटिक डॉग

- MULES (रोबोटिक मल्टी यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट)
- पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुए सैन्य अभ्यास में 10 MULES का प्रयोग किया गया।
- यह रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरा, हाई रेजॉल्यूशन सेंसर और राडार तकनीक से लैस है।

## पुरस्कार / सम्मान

### राजस्थान पर्यटन ने जीते दो प्रतिष्ठित पुरस्कार

- राजस्थान को दो अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिष्ठित 'कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवार्ड्स 2024' से सम्मानित किया गया है।
- कॉन्डे नेस्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवार्ड्स के दौरान राजस्थान पर्यटन प्रदत्त पुरस्कार-
- **फेवरेट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप्स' का अवार्ड राजस्थान राज्य को मिला है।**
- **फेवरेट लीजर डेस्टिनेशन इन इंडिया' का रनरअप अवार्ड उदयपुर को मिला है।**

## वन लाइनर

- **आनंदम कार्यक्रम** राजस्थान विश्व विद्यालय द्वारा युवाओं में मानवीय मूल्यों के प्रवाह हेतु।
- राज्य का **पहला एडवांस टेक्नोलॉजी का मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन** झालाना डूंगरी, जयपुर में स्थापित किया गया है।
- चित्तौड़गढ़ में आयोजित **पंचकल्याणक महोत्सव** में राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी को **अंकलीकर अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार-2024** के अंतर्गत आचार्य सन्मतिसागर पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान में दुर्गापुरा (जयपुर), बाड़मेर एवं फालना रेलवे स्टेशनों पर **'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र'** का वर्चुअल शुभारम्भ 13 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- राज्य में प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अभियान दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक या स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा विशेष स्वास्थ्य जाँच सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।

# राष्ट्रीय करंट अफेयर्स

## कार्यक्रम/आयोजन

### अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का 7वाँ सत्र

- आयोजन स्थल - दिल्ली, भारत
- **संस्करण – 7वाँ**
- मेजबान - भारत
- **प्रमुख बिंदु -** भारत को वर्ष 2024-2026 तक के लिए गठबंधन का अध्यक्ष चुना गया

### भारतीय अन्तरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)

- आयोजन स्थल - पणजी, गोवा
- संस्करण - 55वाँ
- थीम - "युवा फिल्म निर्माता - भविष्य अभी है"

**मुख्य फिल्में -**

- उद्घाटन फिल्म - बैटर मैन
- समापन फिल्म - ड्राई सीजन

**पुरस्कार -**

- भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए विशेष मान्यता पुरस्कार - अल्लू अर्जुन
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म (स्वर्ण मयूर पुरस्कार) - टॉक्सिक

## अभियान

### राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन

**उद्देश्य -**

- प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देना
- कृषि लागत में कमी
- सुरक्षित एवं पोषणयुक्त भोजन सुनिश्चित करना

**प्रमुख विशेषताएँ -**

10,000 जैव-इनपुट संसाधन केन्द्र स्थापित किए जाएँगे

- 2,000 प्राकृतिक खेती (NF) मॉडल प्रदर्शन फॉर्म
- 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती का विस्तार
- 30,000 कृषि सखियाँ / CRP किसानों को मार्गदर्शन हेतु तैनात

### अटल इनोवेशन मिशन 2.0

- नीति आयोग द्वारा चालित नवाचार पहल
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा 31 मार्च, 2028 तक विस्तार की मंजूरी
- **कुल बजट - ₹2750 करोड़**
- 30 नवाचार केन्द्र स्थानीय भाषाओं में कार्य करेंगे (पहले संस्करण में शामिल नहीं थीं)
- 2500 नए अटल टिंकरिंग लैब्स टेम्पलेट विकास हेतु स्थापित किए जाएँगे
- ज्ञान भागीदार - संयुक्त राष्ट्र का विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)
- यह मिशन नवाचार, उद्यमिता और स्कूली शिक्षा स्तर पर वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### अब कोई बहाना नहीं अभियान

**उद्देश्य -**

- महिलाओं को सशक्त बनाना
- उन्हें अपनी गरिमा और अधिकारों के लिए लड़ने में सक्षम बनाना

## रिपोर्ट/सूचकांक

### जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025

- **जारीकर्ता -** जर्मन वॉच, न्यू क्लाइमेट इंस्टिट्यूट
- शीर्ष तीन स्थान रिक्त — कोई भी देश पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा
- चौथा स्थान - डेनमार्क
- **भारत का स्थान - 10वाँ (स्कोर:- 67.99)**
- अंतिम स्थान - ईरान

### विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट 2024

- जारीकर्ता - विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)
- चीन पेटेन्ट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन और GI टैग में शीर्ष स्थान पर
- भारत का प्रदर्शन (2023) -
- पेटेन्ट फाइलिंग में भारत का स्थान - 6वाँ
- ट्रेडमार्क फाइलिंग में भारत का स्थान – 4th

## मुद्दे/घटनाऐे

### भारत के रक्षा निर्यात

- भारत 100+ देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है
- **वर्ष 2023-24 के शीर्ष रक्षा निर्यात गंतव्य -**

1. अमेरिका 2. फ्रांस
3. आर्मेनिया

### फेंगल चक्रवात

- स्थिति - बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न
- प्रभावित क्षेत्र - तमिलनाडु और पुडुचेरी
- नामकरण - सऊदी अरब द्वारा

### दाना चक्रवात

- स्थिति - बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न
- प्रभावित क्षेत्र - पश्चिम बंगाल और ओडिशा
- नामकरण - कतर द्वारा

### भू-नीर पोर्टल

**विकासकर्ता -**

- केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (CGWA)
- सहयोग - राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)
- जल शक्ति मंत्रालय के अधीन

**उद्देश्य -**

- बेहतर भूजल विनियमन के लिए एक उन्नत डिजिटल पोर्टल
- देशभर में भूजल प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना

### अमेरिका चुनाव

**नव निर्वाचित राष्ट्रपति -**

- डोनाल्ड ट्रंप (रिपब्लिकन पार्टी) बने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति

**नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति -**

- जेडी वेंस, ओहियो के सीनेटर बने अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति

## चर्चित व्यक्ति

### के. संजय मूर्ति

- भारत के 31वें नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)
- स्वतंत्र भारत के 16वें CAG

### पं. राम नारायण

- पंडित राम नारायण का नवम्बर,2024 में निधन हो गया है
- जन्म - वर्ष 1927, उदयपुर, राजस्थान

**पहचान -**

- विश्वविख्यात सारंगी वादक
- भारतीय शास्त्रीय संगीत में सारंगी को एकल वाद्य के रूप में प्रतिष्ठित करने वाले अग्रणी कलाकार

## चर्चित स्थल

### गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व

- स्थिति - 56वाँ अधिसूचित टाइगर रिजर्व
- स्थान - छत्तीसगढ़

**विशेषताएँ -**

- देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व
- (1) नागार्जुन सागर-श्रीशैलम (आंध्र प्रदेश)
- (2) मानस टाइगर रिजर्व (असम)
- (3) गुरु घासीदास-तमोर पिंगला (छत्तीसगढ़)

## पुरस्कार/सम्मान

### फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- सम्मान का नाम - ऑनरेरी ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी
- सम्मानित व्यक्ति - श्रीश्री रविशंकर (संस्थापक, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन)
- विशेषता - यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो उन्हें मानवता, शांति और सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### इंदिरा गाँधी पुरस्कार 2023

- प्रस्तुतकर्ता - इंदिरा गाँधी मेमोरियल ट्रस्ट
- पुरस्कार हेतु क्षेत्र - शांति, निरस्त्रीकरण और विकास

**पुरस्कार विजेता -**

- डैनियल बारेनबोइम - अर्जेंटीना में जन्में प्रसिद्ध संगीतकार व शांति कार्यकर्ता
- अली अबू अव्वाद - फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्ता

## खेल/खिलाड़ी

### वुमन्स एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी

- संस्करण - 8वाँ संस्करण
- आयोजन स्थल - राजगीर, बिहार
- **फाइनल परिणाम -** भारत ने चीन को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया

### अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

- आयोजन स्थल - कोलोराडो, अमेरिका (यूएसए)
- भारत का प्रदर्शन - कुल पदक - 17 (4 स्वर्ण, 8 रजत, 5 कांस्य)
- महिला बॉक्सर - कुल 10 पदक
- भारत ओवरऑल मेडल टैली में दूसरे स्थान पर रहा

**स्वर्ण पदक विजेता (भारत) -**

- हेमन्त सांगवान – पुरुष, 90 किग्रा वर्ग
- पृथ्वी ग्रेवाल – महिला, 65 किग्रा वर्ग (राजस्थान)
- कृषा वर्मा – महिला, 75 किग्रा वर्ग
- वंशिका गोस्वामी – महिला, +80 किग्रा वर्ग

## अंतरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

### एनालॉग अंतरिक्ष मिशन

- प्रारंभकर्ता - भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
- भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन
- स्थान - लेह, लद्दाख
- लक्ष्य - मानव अंतरिक्ष मिशन से पहले तकनीकी एवं मानव व्यवहार संबंधी परीक्षण

### के-4 बैलिस्टिक मिसाइल

- प्रकार – SLBM (Submarine Launched Ballistic Missile)

**परीक्षण -**

- भारतीय नौसेना द्वारा
- परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी आईएनएस अरीघात से परीक्षण
- विकासकर्ता - रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

### भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल

- परीक्षण स्थल - डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा तट
- विकासकर्ता - रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

**विशेषताएँ -**

- भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल
- 1500 किमी. से अधिक दूरी तक मारक क्षमता
- विभिन्न प्रकार की विस्फोटक सामग्री ले जाने में सक्षम
- अत्यधिक गति और सटीकता से लक्ष्य भेदन में सक्षम
- सशस्त्र बलों की रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने वाली प्रणाली

### गरुड़ शक्ति सैन्य अभ्यास

- इंडोनेशिया और भारत
- आयोजन - 1 से 12 नवम्बर 2024
- **संस्करण - 9वां**
- आयोजन स्थल - जकार्ता, इंडोनेशिया

### ऑस्ट्राहिंद 2024

- भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास
- आयोजन - 8 से 21 नवंबर 2024
- संस्करण - तीसरा
- आयोजन स्थल - पुणे, महाराष्ट्र

### विनबैक्स 2024

- वियतनाम और भारत के बीच द्विपक्षीय सैन्य
- आयोजन - 4-23 नवंबर 2024
- **संस्करण - 5वां**
- आयोजन स्थल - अंबाला और चंडीमंदिर (हरियाणा)

### वज्र प्रहार

- भारत और अमेरिका की संयुक्त स्पेशल फोर्सेज का सैन्य अभ्यास
- **संस्करण - 15वाँ**
- आयोजन स्थल - इडाहो, अमेरिका

## विविध

### मिस यूनिवर्स 2024

- आयोजन स्थल - मैक्सिको सिटी
- संस्करण - 73वाँ मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता
- विजेता - विक्टोरिया कजेर थीलविंग (21 वर्ष, डेनमार्क)
- भारत की प्रतिनिधि - रिया सिंघा (अहमदाबाद)

## वन लाइनर

- 14वाँ अखिल भारतीय होम गार्ड्स और सिविल डिफेंस सम्मेलन का आयोजन गाँधीनगर (गुजरात) में सम्पन्न हुआ, जहाँ राष्ट्रीय सुरक्षा व आपदा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।
- केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के तहत ऋण सीमा को दोगुना कर ₹20 लाख कर दिया गया है। इसमें नया वर्ग 'तरुण प्लस' जोड़ा गया है, जिसकी सीमा ₹10 लाख से ₹20 लाख तक रखी गई है।
- भारत सरकार ने शुक्र ग्रह पर भेजे जाने वाले 'शुक्रयान मिशन' को वर्ष 2028 में प्रस्तावित लॉन्च के लिए आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह इसरो का अगला बड़ा ग्रह मिशन होगा।
- राजस्थान के ब्यावर (अजमेर), जिसे RTI आंदोलन का जन्मस्थान माना जाता है, में सूचना का अधिकार संग्रहालय (RTI Museum) की आधारशिला रखी गई है।
- सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राजस्थान को वर्ष 2030 तक बाल विवाह पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रयास तेज़ करने को कहा गया है।
- भारत की दूसरी जल मेट्रो परियोजना की स्थापना अब मंगलुरु (कर्नाटक) में की जा रही है। यह कोच्चि के बाद देश का दूसरा शहर होगा जहाँ जल-आधारित मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में दो राष्ट्रीय स्मारक राष्ट्र को समर्पित किए -

  1. 'देश का वल्लभ' – सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा
  2. 'मेजर रालेंगनाओं बॉब खाथिंग वीरता संग्रहालय', लद्दाख देश का पहला क्षेत्र बन गया है जहाँ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में हाइड्रोजन बसें चलाने की शुरुआत हुई है।

♦♦♦♦

विज्ञापन

मुश्किल परीक्षाएँ भी आसान लगेंगी
जब तैयारी होगी लक्ष्य के साथ

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# तृतीय श्रेणी (3rd Grade)


## अध्यापक भर्ती परीक्षा

## LEVEL-I and LEVEL-II

(हिन्दी, ENGLISH, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, SCIENCE-MATH)

### - COURSE OFFERED -

- NOTES WITH LIVE FROM CLASSROOM BATCH
- NOTES WITH RECORDED BATCH
- MCQ BASED BATCH
- TASK BASED TEST SERIES
- OFFLINE CLASSROOM BATCH




### क्यों हैं लक्ष्य क्लासेज विशेष?

- व्यापक अध्ययन सामग्री
- MCQ की बुकलेट
- नियमित टेस्ट सीरीज
- पूर्णत: समर्पित यूट्यूब चैनल
- लाइब्रेरी सुविधा
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम
- ऑनलाइन एप्लीकेशन एक्सेस
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन
- नियमित काउंसलिंग

MRP : ₹120

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

INSTAGRAM FACEBOOK YOUTUBE TELEGRAM

S.NO.: AP0026

CODE: APDO

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur